मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-569
**31/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित इथेनॉल प्लांट का किया शुभारंभ

पटना, 31 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के बेन प्रखंड के ग्राम अरावन में पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 30 एकड़ में स्थापित इथेनॉल प्लांट का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस संयंत्र की कुल क्षमता 500 किलो लीटर प्रतिदिन है। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर इथेनॉल प्लांट के कार्य का भी शुभारंभ किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट का निरीक्षण किया और वहॉ की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने इथेनॉल प्लांट परिसर में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री समीर कुमार महासेठ, सांसद श्री कौशलेन्द्र कुमार, विधायक डॉ0 जीतेन्द्र कुमार, विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव, पूर्व विधायक श्री चन्द्रसेन प्रसाद, पूर्व विधायक ई0 सुनील कुमार, पूर्व विधायक श्री राजीव रंजन, पूर्व विधायक श्री हीरा बिन्द, पूर्व विधान पार्षद श्री राजू यादव, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक डॉ0 दिलीप पटेल, पटेल एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्री राकेश पटेल, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौंड्रिक, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री कुमार रवि, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री राकेश राठी, नालंदा के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, नालंदा के पुलिस अधीक्षक श्री अशोक मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******